आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 10.11.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में चमोली जिले के विकास से जुड़ी 142 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा— उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन किया। शहरी सहकारी बैंकों से युवाओं और वंचितों को सशक्त बनाने का आग्रह किया।
- और... दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के क्रियान्वयन में उत्तराखंड पिछले पाँच वर्षों से देश के 30 राज्यों में पहले स्थान पर बना हुआ।

भराड़ीसैंण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में चमोली जिले के विकास से जुड़ी 142 करोड़ 25 लाख रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें 43 करोड़ रुपये से अधिक की 27 विकास योजनाओं का लोकार्पण तथा 98 करोड़ रुपये की 33 विकास योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

भराड़ीसैंण में उत्तराखण्ड के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से गैरसैंण के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

राज्य के बलिदानियों और आंदोलनकारियों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए नई नीतियों और योजनाओं का निर्माण कर उत्तराखण्ड को एक विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

सहकारिता मंत्री

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शहरी सहकारी बैंकों को महत्वाकांक्षी युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आज नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन—सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक कस्बे में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने और सहकारी क्षेत्र के लिए पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य से की गई है।

**गुबारा क्लीनिक शुरू**

स्वास्थ्य विभाग ने रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में "गुबारा क्लीनिक" की शुरुआत की है। इस क्लीनिक में जन्म से ही शुगर जैसी बीमारी से जूझ रहे टाइप—1 मधुमेह रोगियों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि मधुमेह रोगियों को नियमित जांच के लिए मधुमेह मॉनिटरिंग किट भी प्रदान की जाएगी। अब तक गुबारा क्लीनिक में 6 रोगियों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा उन्हें मधुमेह मॉनिटरिंग किट वितरित की गई है। सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को टाइप—1

मधुमेह से ग्रसित रोगियों को जिला चिकित्सालय के कक्ष संख्या 4 में स्थापित गुबारा क्लीनिक में रेफर करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दीन दयाल योजना

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के क्रियान्वयन में उत्तराखंड पिछले पाँच वर्षों से देश के 30 राज्यों में पहले स्थान पर बना हुआ है। श्री जोशी ने आज उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के उपलक्ष्य में हाथीबड़कला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अब तक 26 हजार से अधिक अभ्यर्थी इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं, जबकि 21 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है।

## आत्मनिर्भर भारत

भारतीय जनता पार्टी ने बागेश्वर में आज 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक घास्याल ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत अभियान में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

आकाशवाणी से बातचीत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है जब युवा शक्ति नवाचार, कौशल विकास और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संगठन लगातार युवाओं को नेतृत्व और अवसरों का मंच प्रदान कर रहा है।

## प्राचीन नौले

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने नगर के एजेंसी चौक स्थित प्राचीन नौले की जीर्णोद्धार के पश्चात शुरुआत की। इस नौले का सौन्दर्यीकरण भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से किया गया है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं नौले से जल निकालकर आचमन किया और कहा कि इस जल की ताजगी और शुद्धता हमारी प्रकृति की समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह नौला केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि पौड़ी नगर की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक है।

जिलाधिकारी ने रेडक्रॉस की इस प्रेरक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास जनसहभागिता के माध्यम से जिले के अन्य नौलों और धरोहरों के पुनर्जीवन के लिए मिसाल बन सकते हैं।

## सीएम घोषणा

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने संबंधित विभागों को मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। देहरादून में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि अब तक कुल 3 हजार 575 घोषणाओं में से 2 हजार 215 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 7 सौ 77 घोषणाओं पर कार्यवाही गतिमान है। श्री बर्द्धन ने गतिमान घोषणाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति का अद्यतन विवरण तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने संबंधित विभागों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन घोषणाओं को तत्काल प्रारंभ करने में कोई समस्या नहीं है, उनके प्रस्ताव जल्द प्रस्तुत किए जाएं।

## यूसीसी प्रगति की समीक्षा

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज जिला कार्यालय सभागार में समान नागरिक संहिता–यूसीसी के तहत पंजीकरण कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने नवम्बर माह में पंजीकरण कार्य में तेजी न आने

पर निकायों के संबंधित अधिकारियों का नवम्बर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय क्षेत्रों के जिन वार्डों में पंजीकरण कार्य शतप्रतिशत पूरा हो चुका है उन क्षेत्रों के सभासदों और पार्षदों को सम्मानित किया जाए।